अपने ईकोकार्डियोग्राम को समझना

यह गाइड आपको प्रक्रियाओं के बारे में बताएगी और मुलाकात के लिए तैयारी करने में आपकी सहायता करेगी।

INHEALTH | ECHOTECH

स्वास्थ्य को बेहतर बनाना

ईकोकार्डियोग्राम क्या है?

ईकोकार्डियोग्राम, जिसे इको (Echo) भी कहते हैं, हृदय का एक अल्ट्रासाउंड स्कैन है जिसका प्रयोग इसकी संरचना एवं कार्यप्रणाली दोनों का मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है और जिसे विशेष रूप से प्रशिक्षित कार्डियक फिजियोलॉजिस्ट द्वारा किया जाता है। इको किसी स्क्रीन पर हृदय के चित्रों को दिखाने करने के लिए अल्ट्रासाउंड तरंगों का प्रयोग करता है; अजन्मे शिशुओं पर गर्भावस्था स्कैन करने के लिए इसी तकनीक का प्रयोग किया जाता है। कार्डियक फिजियोलॉजिस्ट द्वारा तैयार की गयी ईको रिपोर्ट से आपके चिकित्सक को आपके हृदय के स्वास्थ्य का मूल्यांकन और निगरानी करने में आसानी होती है।

मेरा ईको क्यों किया जा रहा है?

हो सकता है आपके चिकित्सक ने निम्नलिखित में से किसी भी कारण से ईको का अनुरोध किया हो:

- यदि आपको सांस लेने में परेशानी हो रही हो या परिश्रम करने के दौरान कुछ खास लक्षण होते हों
- हृदय की मरमराहट का कारण जानने के लिए
- हृदय के चेंबर्स के आकार की जांच करने के लिए
- हृदय के चारों ओर के तरल की जांच करने के लिए
- यह जांच करने के लिए कि हृदय की मांसपेशियों की मोटाई सही है और वे ठीक से पंप कर रही हैं

क्या इसके कोई दुष्प्रभाव होते हैं?

जी नहीं - ईकोकार्डियोग्राम आमतौर पर दर्दरहित और हानिरहित होता है। फिर भी, सीने पर प्रोब लगाने के कारण कुछ रोगियों को यह थोड़ा असहज लग सकता है।

आपकी मुलाक़ात से पहले

अपने ईकोकार्डियोग्राम के लिए आपको कोई विशेष तैयारी करने की जरूरत नहीं है। परीक्षण से पहले तथा बाद में आप सामान्य रूप से खा-पी सकते/ती हैं।

अपनी सामान्य दवा लेना जारी रखें मगर उसकी एक सूची लाएं क्योंकि फिजियोलॉजिस्ट को यह जानने की जरूरत होगी कि आप कौन सी दवा ले रहे/रही हैं। कुछ दवाएं हृदय की सामान्य लय को प्रभावित कर सकती हैं तथा आपके परिणाम देखते समय इसके बारे में हमारे चिकित्सकों को जानने की जरूरत होती है। यदि आपके कोई प्रश्न हों अथवा सलाह की जरूरत हो, तो कृपया हमसे **0333 202 3186** पर संपर्क करें।

यदि आपको इसलिए मदद की जरूरत हो क्योंकि आप कोई दूसरी भाषा बोलते/ती हैं, या आप अपने साथ किसी मित्र, रिश्तेदार या देखभालकर्ता को लाना चाहते/ती हों, तो जब हम आपकी मुलाकात बुक करें तो कृपया हमें बताएं।

यदि आप चाहते/ती हों कि हम आपको कोई महिला सहचरी (chaperone) प्रदान करें, या किसी विशेष लिंग के चिकित्सक की जरूरत हो, तो उपयुक्त मुलाकात की व्यवस्था करने के लिए कृपया हमें कॉल करें।

जब आप पहुंचें

कृपया अपनी मुलाकात के समय से 15 मिनट पहले पहुंचें। यदि आपको देर होगी, तो हम आपका परीक्षण करने में असमर्थ हो सकते हैं। इसका यह मतलब नहीं है कि आपको अपनी मुलाकात के समय से पहले देखा जाएगा।

जब आप पहुंचेंगे तो हमारे स्टाफ का कोई सदस्य आपको ईको रूम तक ले जाएगा तथा आपको प्रक्रिया समझाएगा। आपको अपनी कमर से ऊपर के कपड़े उतारने को कहा जाएगा तथा महिलाओं को पूरी प्रक्रिया के दौरान पहनने के लिए पेपर कवर की पेशकश की जाएगी।

परीक्षण

अपने परीक्षण के दौरान आप किसी कोच पर बाएं करवट लेटे होंगे/लेटी होंगी। आपको सहायता की जरूरत होने पर कार्डियक फिजियोलॉजिस्ट कोच पर लेटने में आपकी सहायता करेगा।

उसके बाद कार्डियक फिजियोलॉजिस्ट आपके सीने पर स्वयं-चिपकने वाले 3 इलेक्ट्रोड लगाएगा तथा ट्रांसड्यूसर नामक एक उपकरण पर अल्ट्रासाउंड जेल लगाएगा। यह अहानिकर अल्ट्रासाउंड तरंगें भेजता और प्राप्त करता है।

यह जेल अल्ट्रासाउंड बीम को आपके सीने की दीवार के जरिए आने-जाने देता है जिससे हृदय को देखना संभव हो।

आपकी त्वचा पर ट्रांसड्यूसर को हलके दबाव के साथ दबाया जाएगा जिससे अल्ट्रासाउंड तरंगों के प्रेषण को सुविधाजनक बनाया जा सके। यह असहज हो सकता है लेकिन इससे दर्द नहीं होना चाहिए।

कार्डियक फिजियोलॉजिस्ट आपके सीने, पेट तथा गर्दन के चारों ओर ट्रांसड्यूसर को घुमाकर अल्ट्रासाउंड चित्र एवं ऑडियो रिकॉर्डिंग प्राप्त करेगा। रिकॉर्डिंग के दौरान आपसे करवट बदलने या अपनी सांस रोकने के लिए कहा जा सकता है जिससे बेहतरीन गुणवत्ता के चित्र प्राप्त किए जा सकें।

इसमें कितना समय लगेगा?

किसी ईकोकार्डियोग्राम को पूरा होने में लगभग 15 से 30 मिनट के बीच लगने चाहिए। कुछ परिस्थितियों में, ज्यादा विस्तृत स्कैन अपेक्षित हो सकता है जिसमें 45 मिनट तक का समय लग सकता है।

मुझे ये परिणाम कब मिलेंगे?

आपके जिस डॉक्टर ने इकोकार्डियोग्राम का अनुरोध किया था, उसे 5 कार्य दिवसों के भीतर आपके ईको की रिपोर्ट और चित्र प्राप्त होंगे। कृपया नोट कर लें कि उस दिन आपके साथ वाला फिजियोलॉजिस्ट आपके परिणामों पर आपसे चर्चा करने में सक्षम नहीं होगा। जब तक डॉक्टर ने आपके साथ अलग व्यवस्थाएं न की हों, कोई मुलाकात तय करने से पहले यह सुनिश्चित करने के लिए कृपया अपनी सर्जरी को फोन कर लें कि आपके डॉक्टर को आपके परिणाम मिल चुके हैं।

इस प्रक्रिया के लिए अपनी सहमति देना

इस पुस्तिका की सूचनाएं आपको इस बात का अंदाज़ा देती हैं कि आपके इकोकार्डियोग्राम में क्या शामिल है। कोई भी चिकित्सा प्रक्रिया करने से पहले, प्रक्रिया करने वाला/वाली स्वास्थ्य पेशेवर आपको बताएगा/गी कि क्या अपेक्षा करें। यह आपका अधिकार है कि आप प्रक्रिया कराना चाहते हैं या नहीं, इस बारे में सूचित निर्णय लेने के लिए आपको सारी सूचनाएं दी जाएं। कोई भी प्रश्न पूछने में कृपया संकोच न करें।

इस परीक्षण के लिए आपको केवल मौखिक रूप से सहमत होने की जरूरत है।

शिकायत की क्रियाविधि

InHealth में पेश किए जाने वाले सेवा के मानक पर हमें गर्व है। फिर भी, यदि आपके पास शिकायत करने का कारण हो, तो हम आपकी टिप्पणियों को गंभीरता से लेते हैं तथा अनुरोध पर एक पूरी शिकायत प्रक्रिया उपलब्ध होती है। कृपया हमारे फिजियोलॉजिस्ट से कहें जो आपको एक प्रतिलिपि देने में सक्षम होंगे।

डेटा संरक्षण

रोगी की गोपनीयता के बारे में InHealth की नीति कठोर है जिसका मतलब है कि हम रोगियों के बारे में कभी भी किसी ऐसे व्यक्ति/संगठन से सूचनाएं साझा नहीं करते, जिसे रोगी की नैदानिक दशा के बारे में जानने की जरूरत नहीं है। InHealth आपके द्वारा दी गयी सूचनाओं को आंतरिक प्रयोजनों के लिए रखेगा। हम आपके द्वारा दी गयी सूचनाएं, मगर केवल वही जिनसे आपको पहचाना न जा सके, उनसे भी साझा कर सकते हैं जो अनुसंधान, सांख्यिकीय, शैक्षिक, प्रशासनिक या संविदात्मक प्रयोजनों (जैसे, ऑडिट एवं लगातार सुधार) से आपके उपचार या खर्चों (या उनके एजेंटों) को पूरा करने के लिए उत्तरदायी हैं। यदि आप NHS के रोगी हों, तो इसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (National Health Service) शामिल होगी।

InHealth के बारे में

InHealth पूरे यूनाइटेड किंगडम (UK) में रोगियों के लिए विशेषज्ञ नैदानिक समाधान और स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं वाला एक पुराना प्रदाता है। 25 से अधिक वर्षों तक हमने NHS, रोगियों एवं निजी प्रदाताओं के साथ मिलकर काम किया है, ताकि नैदानिक और परिचालन उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए बदलती स्वास्थ्य सेवा माहौल के प्रति अनुक्रिया कर सकें।

यदि हमारी रोगी सूचना पुस्तिका के बारे में आपके कोई प्रश्न या सुझाव हों, तो हमारे फीडबैक फॉर्म के जरिए कृपया हमें बताएं।

इस रोगी सूचना पुस्तिका की हर साल समीक्षा की जाती है तथा उस प्रक्रिया के अंग के रूप में रोगियों की टिप्पणियों का स्वागत किया जाता है। अनुरोध करने पर इस पुस्तिका के ब्रेल, ऑडियो सीडी और बड़े प्रिंट वाले संस्करण उपलब्ध हैं।

INHEALTH

InHealth | Beechwood Hall | Kingsmead Road
High Wycombe | Bucks | HP11 1JL

टेलीफोन: 01494 560000 | फैक्स: 01494 560056

info@inhealthgroup.com
www.inhealthgroup.com

0186_अप्रैल 2019 कापीराइट © 2019 InHealth Limited